सुश्री एस. अपर्णा
सचिव
Ms. S. Aparna
Secretary

भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
Government of India
Ministry of Chemicals & Fertilizers
Department of Pharmaceuticals

सत्यमेव जयते

फा.सं. ई.11017/01/2022-हिन्दी
5 सितम्बर, 2023

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

संविधान निर्माताओं की अपेक्षानुसार राजभाषा को भारत सरकार के रोजमर्रा के कामकाज में प्रयुक्त करने के लिए औषध विभाग में वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। अमृत काल के द्वितीय वर्ष मे हिंदी भाषा का उपयोग करना हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है।

भाषा हमारी अभिव्यक्ति का साधन ही नहीं अपितु राष्ट्रीय संस्कृति और सभ्यता की संवाहिका भी है। हिंदी का शब्दकोश व्यापक और समृद्ध है। आज हिंदी वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए हिंदी बहुत सशक्त माध्यम है।

विभाग एवं इसके प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों से मेरी अपेक्षा है कि वे अपना अधिकांश सरकारी कार्य हिंदी में करेंगे जिससे अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी अपना कार्य मूल रुप से हिंदी में करने के लिए प्रेरित होंगे।

हम सबके सम्मिलित प्रयासों से हमारे सरकारी कामकाज में हिंदी नई ऊर्जा और गति के साथ आगे बढ़ेगी।

जय हिंद

अपर्णा
(एस. अपर्णा)

शास्त्री भवन, डॉ राजेन्द्र प्रसाद रोड़, नई दिल्ली - 110 001
Dr. Rajendera Prasad Road, Shastri Bhawan, New Delhi-110 001
Tel. : 23381573 / Fax : 23070245 E-mail : secy-pharma@nic.in